हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, मंगलवार 14 अप्रैल 2026
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

4 विभाग लक्ष्य के अनुरुप करें कार्य, छात्रावास में बच्चों के ....



4 लालच में दोस्त ने ही कर दी मित्र की हत्या



छ.ग.-प्री.बी.एड.
प्रवेश परीक्षा 2026
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि
24/04/2026
(संध्या 5 बजे तक)
बी.एम. कॉलेज
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9300850065
9340311314, 9303893829

## सुकमा के मिनी स्टेडियम में किया 308 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन

# नक्सलवाद के खात्मे के बाद 40 साल से पिछड़े क्षेत्रों का विकास करना प्राथमिकता: सीएम साय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सुकमा

माओवाद की समाप्ति के उपरांत मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज सुकमा पहुंचे। जहां विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के दृढ़ संकल्प से नक्सलवाद अब पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। भय और आतंक के चलते बस्तर के दूरस्थ क्षेत्र विगत 40 सालों से पिछड़े हुए हैं जिनका सर्वांगीण विकास करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन कर योजनाओं के तहत हितग्राहियों को चेक व आदान सामग्री वितरित की। तदुपरांत उन्होंने 308 करोड़ रूपए के 228 विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने मंच से 8 विकास कार्यों की भी घोषणा की।

- नियद नेल्लानार 2.0 में नए जिलों को जोड़ा गया है

मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह की विशेष पहल पर बस्तर में माओवाद की समाप्ति के बाद पूरे बस्तर में निश्चित तौर पर विकास की गंगा बहेगी। माओवाद के भय, आतंक और हिंसा के चलते पिछले 40 सालों से यह क्षेत्र मूलभूत सुविधाओं और विकास से वंचित रहा। लेकिन अब जवानों के अदम्य साहस से यहां लोकतंत्र पूरी तरह से स्थापित हो चुका है। जिन गांवों में कभी गोलीबारी गूंजती थी वहां के स्कूलों में अब घंटियां सुनाई देती हैं। 3 हजार से अधिक माओवादियों ने लोकतंत्र पर भरोसा जताते हुए आत्मसमर्पण किया। अब उन्हें पुनर्वास केन्द्रों में विभिन्न आजीविकामूलक पाठ्यक्रमों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है ताकि वे नए सिरे से अपना जीवन शुरू कर सकें। मुख्यमंत्री ने बताया कि नियद नेल्लानार योजना के तहत पिछले दो सालों में दुरूह क्षेत्र में स्थित 500 से अधिक ग्रामों में 17 विभागों द्वारा 45 योजनाओं के तहत सड़क, बिजली, पेयजल, स्कूल, आंगनबाड़ी निर्माण सहित आधार, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड मनरेगा जॉब कार्ड बनाने सहित अनेक काम बड़े पैमाने पर किए गए। स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि नक्सलवाद के खात्मे के बाद अब बस्तर में स्वास्थ्य सेवाओं में तेजी से वृद्धि आएगी। अभी तक गांवों में कैम्प लगता था लेकिन अब स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच घर-घर में सुनिश्चित होगी। इसके लिए 7 जिलों में 1100 टीमें बनाई गई हैं जो प्रत्येक घर में जाकर स्क्रीनिंग करेंगी। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि प्रदेश सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति के चलते निर्धारित समय-सीमा में माओवाद खत्म हो गया है। बस्तर को संवारने और विकसित करने का कार्य सरकार कर रही है। मुख्य सचिव विकास शील ने कहा कि मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान और अटल आरोग्य लैब से क्षेत्र के ग्रामीणों को आशातीत लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य शिविर में कराया स्वास्थ्य परीक्षण, मोतियाबिंद के मरीजों को अपने हाथों से चश्मा ▶▶ शेष पेज 4 पर



### नियद नेल्लानार योजना 2.0 संचालित की जाएगी

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इसी तर्ज पर नियद नेल्लानार योजना 2.0 संचालित की जाएगी। जिसमें अब 10 जिले को लाभान्वित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि यहां उन्नत खेती को आगे बढ़ाया जाएगा और लोगों को सभी मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने 8 घोषणाएं कीं जिनमें सुकमा से मलकानगिरि ओड़िशा तक 10 किलोमीटर सड़क का डामरीकरण, चेरला-पेद्दा में 3 करोड़ रूपए की लागत से राममंदिर का जीर्णोद्धार कार्य, उतेरा-पटेलपारा में 30 लाख रूपए की लागत से मिट्टी-मुरूम सड़क निर्माण, नगर पंचायत दोरनापाल में बस स्टैण्ड निर्माण, कालीमंदिर बस स्टैण्ड में सामुदायिक भवन निर्माण, बेड़मापारा में विभिन्न निर्माण कार्य, कोरगांव दुगाली में शबरी नदी पर पुलिया निर्माण तथा नकटी तालाब पाथ वे एवं सौंदर्यीकरण शामिल हैं।

## नक्सलियों ने बंदूक छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का अपनाया रास्ता





जिले में नक्सल पुनर्वास नीति के प्रभावी क्रियान्वयन से सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है। अब तक 2392 नक्सलियों ने बंदूक छोड़कर समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का रास्ता अपनाया है। 361 पुनर्वासितों ने नया जीवन शुरू किया है, जिन्हें कौशल विकास प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिल रहा है। यह बातें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नक्सल पुनर्वास केन्द्र में कहीं। मुख्यमंत्री साय ने सुकमा में जिला अस्पताल के समीप संचालित पुनर्वास केंद्र का दौरा कर वहां चल रहे पुनर्वास और कौशल विकास कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने पुनर्वासित लोगों से सीधे संवाद कर उनके अनुभव जाने और उन्हें मुख्यधारा से जुड़कर नया जीवन शुरू करने के लिए बधाई और शुभकामनाएं देते हुए प्रोत्साहित भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुनर्वास केंद्र में राजमिस्त्री, सिलाई, कृषि उद्यमिता और वाहन चालक जैसे विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे पुनर्वासितों का भविष्य संवर रहा है। वर्ष 2026 में अब तक 307 लोगों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया है, वहीं मुख्यधारा में लौटे 313 युवाओं को प्रतिमाह 10 हजार रुपये स्टाइपेंड दिया जा रहा है। जिला प्रशासन की पहल पर 107 पुनर्वासित हितग्राहियों को मोबाइल फोन वितरित किए गए हैं, जिससे वे आधुनिक तकनीक और संचार माध्यमों से जुड़ सकें। साथ ही, पुनर्वास की राह पर आगे बढ़ रही 115 महिलाएं प्रशिक्षण और मोबाइल वितरण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनते हुए नई शुरुआत कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने पुनर्वासित जनों को राजमिस्त्री कीट, मोबाइल का वितरण किया। उन्होंने नक्सली बारसे देवा का भाई बारसे बुधरा को पुवर्ती के नजदीक गांव सिलगेर में शिक्षादूत के रूप में नियुक्ति पत्र प्रदान किया। पूर्व नक्सली पापाराव की निमलगुंडा की निवासी बहू सुन्नम सेंतो ने स्व सहायता समूह से जुड़कर इमली खरीदी में दो क्विंटल खरीदी की जिससे उन्होंने पांच हजार अर्जित की, इनको भी मुख्यमंत्री ने शाल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने नक्सल पीड़ित को नियुक्ति पत्र वितरण किए जिसमें ग्राम ढोंडरा कोंटा ▶▶ शेष पेज 4 पर

- मुख्यमंत्री ने पुनर्वास केंद्र में पुनर्वासितों से किया संवाद

### पुनर्वासितों को मिले सम्मानजनक जीवन

*मुख्यमंत्री ने कहा कि नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों के आश्रितों को भी राहत प्रदान की गई है। अनुकंपा नियुक्ति के तहत पुलिस विभाग में 20 तथा जिला प्रशासन द्वारा 95 लोगों को शासकीय सेवा में अवसर दिया गया है। सरकार की प्राथमिकता है कि पुनर्वासितों को सम्मानजनक जीवन, रोजगार और समाज में समान अवसर मिलें, जिससे सुकमा जैसे क्षेत्रों में शांति और विकास को नई दिशा मिल सके।*

## खबर संक्षेप

### 13 मण्डलों में भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्षों की नियुक्ति





**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने जिले के सभी 13 मण्डलों में महिला मोर्चा के मण्डल अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। जगदलपुर पश्चिमी नगर मण्डल में माधवी मण्डल और पूर्वी नगर मण्डल में रेखा सिंह को अध्यक्ष बनाया गया है। महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष माहेश्वरी ठाकुर ने अपनी टीम में नगरनार में लक्ष्मी घरत, नानगुर में करुणा कश्यप, लोहण्डीगुड़ा में मंगला मुचाकी, बास्तानार में किरण पोयाम, दरभा में ललिता कश्यप, तोकापाल में बसंती कश्यप, भानपुरी में जमुना कश्यप, बस्तर में अनिता कश्यप, सरगीपाल में खेमेश्वरी कश्यप, बकावण्ड में गीता हिकमी और करपावण्ड में फूलमनी कश्यप को अध्यक्ष नियुक्त किया है। जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने सभी नवनियुक्त महिला मोर्चा मण्डल अध्यक्षों से पार्टी की रीति नीति पर चलते हुए संगठन को मजबूत बनाने और कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी के कार्यों का जमीनी स्तर पर सफल क्रियान्वयन करने अपेक्षा की है।

## नाबालिग से गैंगरेप मामले में गिरफ्तार आरोपी भेजे गए जेल





हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

हरिभूमि फॉलोअप

बीजापुर जिले के भैरमगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार रात नाबालिग से गैंगरेप मामले में गिरफ्तार सभी आरोपियों को सोमवार को जेल भेज दिया गया है। एएसपी बीजापुर चन्द्रकांत गर्वना ने बताया कि गिरफ्तार चार आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है वहीं एक अपचारी बालक को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश कर बाल संप्रेक्षण गृह भेजा गया है। इससे पूर्व गिरफ्तार सभी आरोपियों से पूछताछ कर उनके बयान लिया गया था गौरतलब है कि भैरमगढ़ गांव में देर रात मंदिर परिसर में घटना को अंजाम दिया गया था। इस घटना की खबर लगते ही भैरमगढ़ समेत पूरे जिले में लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। स्थानीय लोगों व जनप्रतिनिधियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा ▶▶ शेष पेज 4 पर

### कांग्रेसियों ने किया पुतला दहन

भैरमगढ़ में नाबालिग बच्ची से सामूहिक अनाचार मामले में जिला कांग्रेस कमेटी बीजापुर द्वारा घटना के विरोध में भाजपा सरकार व गृहमंत्री का पुतला दहन किया गया। इस दौरान विधायक विक्रम मण्डावी, लालू राठौर, नीना रावतिया, बबलू खत्री, सोनू पोटाम समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसी मौजूद थे।

## परदेसिन माता गुड़ी में जतरा सेवा की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आदिम परंपराओं की जीवंत झलक ग्राम आसना में देखने को मिली। यहां स्थित ऐतिहासिक परदेसिन माता गुड़ी में पारंपरिक जतरा सेवा पूजा का आयोजन किया गया। जिसमें आस्था और लोक संस्कृति का अनूठा संगम नजर आया। इस महत्वपूर्ण धार्मिक अनुष्ठान को भविष्य के लिए सहेजने के उद्देश्य से बादल की टीम ने भ्रमण किया और संपूर्ण आयोजन का दस्तावेजीकरण किया।

- बादल संस्था ने किया सांस्कृतिक विरासत का दस्तावेजीकरण

इस आयोजन की भव्यता पारंपरिक वाद्य यंत्रों की उन गूंजती धुनों से और बढ़ गई जिन्हें बजाने के लिए विशेष तौर पर दूर-दराज के कुशल वादकों को बुलाया गया था। ग्राम माड़पाल से आए मोहरिया खैरू और उनके साथ उपनपाल से आए नगाड़ा व तुड़बुड़ी वादकों ने अपनी कला से पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। दशकों से इन परंपराओं को निभा रहे मोहरिया खैरू ने बताया कि इन आयोजनों में संगीत का महत्व केवल मनोरंजन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह देवी-देवताओं के आह्वान का एक माध्यम है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब देवी की सवारी आती है तब अलग-अलग देवताओं के लिए विशिष्ट धुनें बजाई जाती हैं जिन्हें सुनकर देवी स्वरूप धारण करने वाले श्रद्धालु नृत्य करते हैं। जतरा सेवा के दौरान दुवार मुण्डेया देवता, परदेसिन माता और अन्य स्थानीय देवी-देवताओं को प्रसन्न करने हेतु बलि पूजा का भी प्रावधान संपन्न किया गया। इस दौरान वातावरण तब और भी प्रभावमयी हो उठा जब वादकों ने विभिन्न देवताओं को समर्पित विशिष्ट धुनें छेड़ीं।



### अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित कर रहे

बादल संस्था के प्रशासक आशुतोष ठाकुर के मार्गदर्शन में पहुंची टीम ने इन दुर्लभ वाद्य धुनों, पूजा पद्धतियों और पारंपरिक नृत्यों को फोटो व वीडियो के माध्यम से संकलित किया ताकि बस्तर की इस अमूर्त सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित किया जा सके। आसना के सिरहा और पुजारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

2 हजार रुपए के चालान के साथ ही चालक का लाइसेंस निलबंन की कार्रवाई

## 92 किमी की रफ्तार से चल रही बस पर ट्रैफिक पुलिस ने लगायी लगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

शहर व हाईवे में हो रही लगातार एक्सीडेंट को देखते हुए यातायात पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाते हुए 92 किमी की रफ्तार से आर रही बस को रोककर चालानी कार्रवाई की गई। वहीं ओवर स्पीड दर्जन भर अन्य वाहनों के खिलाफ भी चालानी कार्रवाई करते हुए लाइसेंस निलबंन की कार्रवाई कर रही है।

- दर्जन भर से अधिक तेज रफ्तार वाहनों के खिलाफ हुई कार्रवाई

ट्रैफिक डीएसपी संतोष जैन ने बताया कि लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए ओवर स्पीड वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने एसपी शलभ सिन्हा व एएसपी माहेश्वर नाग के निर्देश पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान जगदलपुर से गीदम मार्ग पर इण्टर सेप्टर वाहन से तिरथुम चौक पर विशेष चेकिंग अभियान यातायात एवं कोड़ेनार थाना की संयुक्त टीम द्वारा चलाया गया। जांच के दौरान रॉयल ट्रेवल की बस क्रमांक सीजी 04 ई 3522 इंटर सेप्टर वाहन पर लगे स्पीड रडार गन के कैमरे में गति 92 किमी की रफ्तार से चलते हुए रिकॉर्ड हुआ। जो निर्धारित गति 80 किमी सीमा से अधिक पाए जाने पर विधिवत ओवर स्पीड के तहत कार्रवाई की गई। वाहन चालक से 2 हजार रूपए चालान काटने के बाद बस के चालक का लाइसेंस निलंबन करने प्रतिवेदन परिवहन विभाग को भेजा गया है। इसके अलावा इसी मार्ग में ओवर स्पीड वाहन चलाते हुए अन्य 11 वाहनों को भी निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से चलाते पाए जाने पर उनके विरुद्ध ओवर स्पीड में कार्यवाही करते हुए चालानी कार्रवाई की गई। इस सभी वाहन चालकों को ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन के लिए परिवहन विभाग को प्रतिवेदन भेजा जा रहा है। डीएसपी सतोंष जैन ने बताया कि ओवर स्पीड के खिलाफ कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।




### छुट्टी का लाभ लेकर सभी निखार रहे अपनी प्रतिभा

## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बच्चे-युवाओं को बना रहे दक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

प्रियदर्शिनी इंदिरा स्टेडियम में बस्तर के उभरते बैडमिंटन सितारे ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में जोश के साथ नया कर रहे हैं। सुबह-शाम रैकेट और शटल से 80 से अधिक स्कूली बच्चे पसीना बहाते हुए अपने खेल को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में जुटे हैं। बस्तर जिला बैडमिंटन संघ के तत्वावधान में विशेष शिविर चल रहा है। इनडोर बैडमिंटन हॉल में प्रशिक्षण केवल खेल सिखाने तक सीमित नहीं बल्कि बच्चों के भीतर अनुशासन, आत्मविश्वास और जीत का जुनून भी पैदा कर रहा है। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान शुरू हुआ यह शिविर अब प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त मंच बन चुका है जहां हर दिन नई उम्मीदें आकार ले रही हैं। जहां आधुनिक तकनीक पर आधारित प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कोच क्रिस क्रिस्टोफर बच्चों को स्मैश, ड्रॉप शॉट और तेज फुटवर्क जैसी बारीकियों में पारंगत कर रहे हैं। इसके साथ ही फिटनेस, स्टैमिना और मानसिक मजबूती पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिससे खिलाड़ी हर चुनौती के लिए तैयार हो सकें। व्यक्तिगत कोचिंग के जरिए बच्चों की कमजोरियों को पहचानकर उन्हें सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। शिविर में 8 से 16 वर्ष के खिलाड़ियों के लिए नियमित प्रैक्टिस मैच आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे उनमें प्रतिस्पर्धा की भावना मजबूत हो रही है। सिंगल्स और डबल्स मुकाबलों के जरिए बच्चे न केवल तकनीकी रूप से मजबूत हो रहे हैं, बल्कि मैच प्रेशर को संभालना भी सीख रहे हैं।

- 80 से अधिक स्कूली बच्चे बैडमिंटन का ले रहे प्रशिक्षण



### युवाओं में दिख रहा जोश

दिया कटमारेड्डी, मिहिका तेल्नेटी, अनिरुद्ध, अनुती तेल्नेटी,सव्याकृतिका गुप्ता, यथार्थ देवांगन और आरव लाहोटी जैसे युवा खिलाड़ी अपने आयु वर्ग में बस्तर और छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया
क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा–गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
कानों की रिशेपिंग
जन्मजात, दुर्घटना या अन्य कारणों से कटे या टेढ़े-मेढ़े कानों की रिशेपिंग
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शन:-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव),धारी देवी,चोपता
07 मई, 11 मई,
25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशि:-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## खबर संक्षेप

### बस्तर में शांति कांग्रेस को चुभ रही : पाण्डेय

जगदलपुर। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कांग्रेस पर प्रहार करते कहा कि छत्तीसगढ़ से नक्सलवाद का समाप्त होना कांग्रेस को रास नहीं आ रहा है। यह नेताओं के बयानों से साफ झलक रहा है। कांग्रेस स्तरहीन राजनीति कर सकती है। उन्होंने जारी बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश से नक्सलवाद का खात्मा हो रहा है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 31 मार्च तक बस्तर व छत्तीसगढ़ को नक्सल मुक्त करने का संकल्प लिया था जो पूरा हुआ। बस्तर अब विकास के नये आयाम गढ़ेगा, बस्तर में शांति स्थापित होना कांग्रेस को चुभ रहा है। जिनके शासनकाल में नक्सलवाद पनपा और फैला था। प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज पर पलटवार करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पांच साल के कुशासन में भ्रष्टाचार का रिकार्ड बना हो उनके नेता व अधिकारी जेल में सजा काट रहे हैं, उन्हें भ्रष्टाचार की बात कहना बेमानी है। सिर्फ राजनीति करने के लिये कांग्रेस बयानबाजी कर रही है।

### प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की हुई बैठक

जगदलपुर। बस्तर में रविवार को प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की संभाग स्तरीय समागम बैठक का सफल आयोजन किया गया। बैठक में संभाग के सभी जिलों से पदाधिकारी एवं सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत सकारात्मक एवं रचनात्मक चर्चा के साथ की गई। बैठक में आगामी समय में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय महाबैठक को सफल बनाने हेतु विस्तृत रणनीति पर चर्चा की गई। साथ ही संघ की सदस्यता बढ़ाने, संगठन को ब्लॉक एवं जिला स्तर पर सुदृढ़ करने तथा सदस्यता फॉर्म भरने की प्रक्रिया को तेज करने पर विशेष जोर दिया गया। सभी जिलों के जिला अध्यक्षों की उपस्थिति में यह निर्णय लिया गया कि आगामी 15 दिनों के भीतर प्रत्येक जिले में बैठक आयोजित कर स्थानीय समस्याओं का समाधान संबंधित अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर किया जाएगा।

### एनएच सड़क की मरम्मत की व रोड मार्किंग

# दुर्घटनाओं को रोकने राष्ट्रीय राजमार्ग ने एनएच किनारे पर लगाए बोर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

सड़क हादसों में कमी लाने और सुरक्षा बढ़ाने के लिए बस्तर जिले में लगभग दो करोड़ की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग पर मरम्मत का कार्य और रोड मार्किंग की गई है। इस कार्य में केशलूर, आड़ावाल से धनपूंजी सड़क में पेचवर्क एवं रोड मार्किंग किया गया, साथ ही खतरनाक ब्लैक स्पॉट का बोर्ड लगाया गया, रात में और तेज गति से होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इससे यात्रियों का सफर सुविधाजनक और आसान हो जाएगा। सड़क का निरीक्षण लोक निर्माण विभाग जगदलपुर संभाग के एसडीओ एके कुंजाम ने उपयंत्री अजय कुमार गहलोत की टीम ने हॉल ही में किया। उन्होंने कहा कि सड़क की मरम्मत एवं रोड मार्किंग से लोगों को सफर आसान हो सकेगा।



#### आरओबी निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

एसडीओ ने उसके बाद केशलूर स्थित आरओबी निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया, जहां ठेकेदार को निर्देश दिया कि निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करें।



### पर्यटन स्थल तिरिया में कयाकिंग शुरू होने से ग्रामीणों में उत्साह

जगदलपुर। प्राकृतिक पर्यटन स्थल ग्राम तिरिया में कयाकिंग गतिविधि का शुभारंभ किया गया। यह पहल पर्यटन से प्राप्त धनराशि एवं एट्री संस्था के सहयोग से संभव हुई, जिसके तहत आवश्यक सामग्री की खरीद कर उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और सभी ने कयाकिंग का आनंद लिया। इस दौरान लड्डू भी वितरित किए गए, जिससे माहौल उत्सवमय हो गया। ग्राम सभा ने घोषणा की कि बांस राफ्टिंग की तर्ज पर प्रत्येक शुक्रवार को निर्धारित शुल्क का आधा शुल्क लिया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। साथ ही ग्राम सभा द्वारा यह भी जानकारी दी गई कि आने वाले दिनों में नाइट कैंपिंग के लिए टेंट एवं होम स्टे की सुविधा भी शुरू की जाएगी। इस पहल से गांव में पर्यटन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बस्तर की प्रतिभाएं वालीबॉल में उभरेंगी : गागड़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- बस्तर जिला वालीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष बने गोविंद
- सभी पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से हुआ चयन

बस्तर जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन की बैठक एवं निर्वाचन आज हुआ। जिसमें विभिन्न पदों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया। इस दौरान खेल प्रेमियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं खिलाड़ियों ने नई कार्यकारिणी से बस्तर में वॉलीबॉल के विस्तार और प्रतिभाओं को आगे लाने की उम्मीद जताई।

इस दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट वॉलीबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष तथा पूर्व मंत्री महेश गागड़ा उपस्थित रहे। गीदम क्षेत्र की राज्य स्तरीय महिला खिलाड़ियों तथा जगदलपुर के एक पुरुष खिलाड़ी का सम्मान कर उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा गया। साथ ही आगामी इंद्रावती वॉलीबॉल लीग की ट्रॉफी एवं जर्सी का अनावरण कर जिले में खेल गतिविधियों को नई दिशा देने का संदेश दिया गया। संघ ने खेलेगा बस्तर, बढ़ेगा बस्तर और मोबाइल मुक्त बचपन के संकल्प को दोहराते हुए भविष्य में आयोजन करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस दौरान बस्तर जिला वालीबॉल एसोसिएशन का निर्वाचन हुआ। इस दौरान बस्तर चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्टीज के अध्यक्ष श्याम सोमानी, राजेश त्रिपाठी, संपत झा समेत गणमान्य नागरिक व खिलाड़ी उपस्थित थे। अध्यक्ष पद पर गोविंद ईनाणी, सचिव महेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष, इंदरजीत सेठिया, उपाध्यक्ष, चंद्रकांत भंडारी एवं निलेश्वर, सहसचिव अब्दुल समीर तथा दो महिला सदस्य में शालिनी व माया सिंह समेत प्रचार-प्रसार के लिए विनय राजू का चयन सर्वसम्मति से किया गया।

# नक्सलियों का प्रभाव कम होने से अब विकास कार्यों को गति देने का बना माहौल : बदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

- पहले बिना सुरक्षा के रूक रहे थे अंदरूनी इलाकों में काम

सड़क निर्माण से जुड़े ठेकेदार हरबित सिंह बदेशा ने पत्रकार भवन में रविवार को प्रेसवार्ता में बताया कि नक्सली समस्या के चलते वर्षों से अधूरे पड़े अंदरूनी इलाकों के सड़क निर्माण कार्य अब दोबारा शुरू किए जा रहे हैं। बस्तर में नक्सली प्रभाव कम होने के बाद अब विकास कार्यों को गति देने का माहौल बना है । बंद पड़े प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है।



उन्होंने जानकारी दी कि बीजापुर जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक अंतर्गत पोखरम से दुदुम तक 7 किलोमीटर लंबी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का निर्माण 2021 में शुरू हुआ था। लेकिन कोरोनाकाल और नक्सली गतिविधियों के कारण कार्य बीच में ही रोकना पड़ा। अब परिस्थितियां सामान्य होने के बाद इस सड़क निर्माण को पुनः प्रारंभ कर दिया गया है। ठेकेदार ने बताया कि इस मार्ग में लगभग 2 किलोमीटर हिस्सा नदी पार का है जिससे निर्माण कार्य में तकनीकी चुनौतियां आ रही हैं। इसके बावजूद निर्माण एजेंसी तेजी से कार्य करते हुए अगले महीने तक सड़क को पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सुरक्षा के अभाव में कार्य करना संभव नहीं हो पा रहा था लेकिन वर्तमान स्थिति में सुरक्षा व्यवस्था बेहतर होने से अंदरूनी क्षेत्रों में भी विकास कार्यों को गति मिल रही है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अधूरे पड़े कार्यों को पूरा करना उनकी जिम्मेदारी है और इसके लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहे हैं ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द से जल्द सड़क सुविधा का लाभ मिल सके।

# शिव मंदिर में 108 बार हनुमान चालीसा का पाठ


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपालपटनम



- भक्तिमय हुआ माहौल, अनेक गांव से पहुंचे श्रद्धालु

बीजापुर जिले के भोपालपटनम स्थित शिव मंदिर में शनिवार को सुबह 8 बजे से हनुमान चालीसा का 108 पाठ किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम में नगर सहित पूरे ब्लॉक के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ हुई। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। भीषण गर्मी के बावजूद श्रद्धालुओं की आस्था में कोई कमी नहीं दिखी और महिला एवं पुरुषों ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। बताया गया कि इस आयोजन की तैयारी पिछले कई दिनों से समिति के सदस्यों द्वारा की जा रही थी। सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया और कार्यक्रम शाम 4 बजे संपन्न हुआ।

कार्यक्रम को सफल बनाने में मारुति मानस रामायण मंडली का विशेष सहयोग रहा। इसके अलावा शिव मंदिर समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकतार्ओं ने योगदान दिया। वहीं गोल्लागुड़ा और मड्डेड क्षेत्र से पहुंचे हनुमान भक्तों की सहभागिता रही। अंत में श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय लोगों ने इस तरह के आयोजनों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रमों से सामाजिक एकता और आपसी मेलजोल बढ़ता है। महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी भी इस आयोजन की विशेषता रही जहां महिलाएं सुबह से लेकर कार्यक्रम समाप्ति तक बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।









## खबर संक्षेप

### पेंशनर फोरम गठित करने प्रांताध्यक्ष जुटेंगे राजधानी में

**गीदम।** केंद्र सरकार और राज्य सरकार के द्वारा प्रदेश के पेंशनरों को समय पर महंगाई का लाभ नहीं दिया जा रहा है। ऐसे अनेक आर्थिक ,



स्वास्थ्य संबंधित विषयों पर चर्चा होगी। साथ ही पेंशनर संघों के साथ मिलकर पेंशनर फोरम गठित करने के लिए प्रदेश के अनेक पेंशनर संघ राजधानी रायपुर में 15 अप्रैल को एकत्र होंगे। बैठक के आयोजक चंद्रिका सिंह पूर्व प्रान्त अध्यक्ष लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ के अलावा जयनारायण श्रीवास्तव प्रधानमंत्री कार्यालय से नामांकित कर्मचारी राज्य बीमा निगम सदस्य, बीएमएस के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष , प्रांत अध्यक्ष राज पेंशनर एवं कर्मचारी कल्याण संघ और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, अनिल शुक्ला शुक्ला प्रांतीय संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी संयुक्त मोर्चा आदि बैठक में उपस्थित होंगे।

### सेन जयंती व शपथ ग्रहण समारोह आज

**जगदलपुर।** जिला सर्व सेन नाई समाज के तत्वाधान में 14 अप्रैल को संत शिरोमणि सेन महाराज की जयंती एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन संभाग मुख्यालय जगदलपुर में किया जाएगा। जिला सेन समाज इकाई बस्तर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल होंगे। पदाधिकारियों ने बताया कि संत शिरोमणि सेन महाराज को समाज में इष्ट देव के रूप में पूजा जाता है और उनके जीवन एवं विचार समाज को निरंतर प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 9 बजे कलश यात्रा से होगी, जिसमें बच्चे, पुरुष एवं महिलाएं पीले वस्त्र धारण कर शामिल होंगे। इसके पश्चात विधिवत पूजा-अर्चना, सामाजिक एवं धार्मिक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर प्रतिभावान छात्र-छात्राओं एवं समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान भी किया जाएगा।

## सुकमा में आजीविका की नई शुरुआत

# मुख्यमंत्री ने किया दंडकारण्य फूड्स इमली प्रसंस्करण इकाई का लोकार्पण





■ 9 स्व-सहायता समूहों की दीदियों को 10 लाख 16 हजार 459 रुपए का चेक वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुकमा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सोमवार को दंडकारण्य फूड्स इमली प्रसंस्करण इकाई का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि अब बस्तर की प्रसिद्ध इमली कच्चे उत्पाद के रूप के साथ ही वैल्यू-एडेड प्रोडक्ट्स के जरिए देश-विदेश के बाजारों में अपनी पहचान बनाएगी। इस इमली प्रसंस्करण केंद्र में इमली पेस्ट, सॉस सहित अन्य उत्पाद तैयार किए जाएंगे, जिससे स्थानीय उत्पादों को ब्रांडिंग और बेहतर मूल्य मिलेगा।

दंडकारण्य फूड्स इकाई को लगभग 64 लाख रुपए की आधुनिक मशीनों से सुसज्जित किया गया है। इससे इमली का वैज्ञानिक तरीके से प्रसंस्करण संभव होगा, जिससे गुणवत्ता और उत्पादन दोनों में वृद्धि होगी। इस इकाई में चिटपिट्टिन माता समूह एवं धनलक्ष्मी समूह की महिलाएं कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इमली खरीदी से जुड़े 9 स्व-सहायता समूहों की दीदियों को कुल 10 लाख 16 हजार 459 रुपए की राशि का चेक वितरण किया। कार्यक्रम में महिला आयोग सदस्य सुश्री दीपिका सोरी, वरिष्ठ पार्टी प्रतिनिधि धनीराम बारसे, जिला पंचायत सदस्य कोरसा सन्नू, जिला पंचायत सदस्य हुंगाराम मरकाम, जनप्रतिनिधि धनीराम बारसे, नगरपालिका अध्यक्ष सुकमा हुंगाराम मरकाम अन्य जनप्रतिनिधि सहित मुख्य सचिव विकास शील, कमिश्नर डोमन सिंह, आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर अमित कुमार, पुलिस अधीक्षक किरण गंगाराम चव्हाण, सीईओ जिला पंचायत मुकुन्द ठाकुर, डीएफओ अक्षय कुमार भोंसले उपस्थित थे।

## खेती की उत्पादकता बढ़ाएं किसान



हरिभूमि न्यूज ⏭ दंतेवाड़ा

■ विधायक पहुंचे चंदेनार के किसानों के बीच, बांटे सिंचाई पंप

विधायक चैतराम अटामी रविवार को ग्राम पंचायत चंदेनार के किसानों के बीच पहुंचे और उनसे आत्मीय चर्चा की। सिंचाई सुविधाओं और अन्य समस्याओं के बारे में जानकारी भी ली। अपने बीच क्षेत्रीय विधायक को पाकर किसान काफी खुश हुए।

किसानों को कृषि कार्य में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से क्षेत्र के विधायक चैतराम अटामी ने 9 कृषकों को सिंचाई पंप वितरित किए। आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने कहा कि किसानों को सिंचाई की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता है, जिससे खेती की उत्पादकता बढ़ेगी और कृषकों की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की योजनाओं से ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि को मजबूती मिलेगी और किसान आत्मनिर्भर बन सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि सिंचाई पंप मिलने से किसानों को समय पर सिंचाई करने में सुविधा होगी और फसलों को पर्याप्त पानी मिल सकेगा।

इससे क्षेत्र में कृषि गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा किसानों को आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष भाजपा मुकेश शर्मा, जिला पंचायत सदस्य तिलेश्वरी नागेश, जनपद पंचायत अध्यक्ष सुनीता भास्कर, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष रमेश गावड़े, भाजपा नेता कुलदीप ठाकुर, मंडल अध्यक्ष जय भंसाली, मंडल महामंत्री मोहन ठाकुर, चंदेनार सरपंच सुमित्रा नाग सहित कृषकगण व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## फील्ड विजिट से प्रगणकों को मिला व्यवहारिक अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोंड



बस्तर तहसील के अंतर्गत जनगणना प्रशिक्षण के तीसरे दिन समस्त प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों को तहसीलदार जॉली जेम्स एवं प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में फील्ड में ले जाकर वास्तविक जनगणना कार्य की जानकारी दी गई।

प्रतिभागियों को घर-घर जाकर जनगणना की प्रक्रिया का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया, जिससे उन्हें कार्य की बारीकियों को समझने का अवसर मिला।

प्रशिक्षण के दौरान यह देखा गया कि प्रगणकों ने सैद्धांतिक जानकारी तो प्राप्त कर ली थी, लेकिन फील्ड में कार्य करने को लेकर वे पूर्णतः आत्मविश्वास नहीं थे। किंतु तीसरे दिन जब उन्हें सीधे घरों में जाकर जनगणना का अभ्यास कराया गया, तो उनकी शंकाएं दूर हो गईं और कार्य उन्हें सहज व सरल लगने लगा। फील्ड विजिट के दौरान प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों ने वास्तविक परिस्थितियों में जनगणना से जुड़े प्रश्नों का समाधान किया और आवश्यक प्रक्रियाओं को व्यावहारिक रूप से समझा। इससे उनकी कार्यकुशलता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई।

इस पूरी प्रक्रिया को सफल बनाने में तहसीलदार फूलवती भुआर्य, प्राचार्य चंद्रभान मिश्रा, राजीव पटेल, मनोज सिंह, कुलेश्वर यादव, कानूनगो सौरभ कुजूर, महेश बघेल एवं सतीश तिवारी का योगदान सराहनीय रहा। प्रशिक्षण के इस चरण ने प्रतिभागियों को आत्मविश्वास के साथ आगामी जनगणना कार्य के लिए तैयार किया। जनगणना प्रशिक्षण के प्रथम बैच के समापन अवसर पर तहसीलदार जॉली जेम्स द्वारा मिष्ठान वितरण कर प्रशिक्षकों एवं प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी गईं। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे जनगणना कार्य को पूरी निष्ठा, जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ संपादित करें।

## राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा स्पर्धा में घाटलोहंगा के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ घाटलोहंगा



69 वीं राष्ट्रीय शालेय कीड़ा प्रतियोगिता भुवनेश्वर में आयोजित हो रही। जिसमें बस्तर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घाटलोहंगा के 11 खिलाड़ियों का चयन हुआ। भुवनेश्वर में 7 से 12 अप्रैल तक अपनी हुनर का प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल तक का सफर हासिल किया। इस प्रतियोगिता में रग्बी बालक एवं बालिका 14 वर्ष एवं 17 वर्ष बालक बालिका की प्रतियोगिता में बस्तर के बच्चों ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए अपने विद्यालय एवं जिला एवं राज्य का नाम रोशन किया । कोच के रूप में घाटलोहंगा विद्यालय के पीटीआई मोहम्मद साहिबा की चयन हुआ जो पूरी कोशिश के साथ छत्तीसगढ़ टीम को सेमीफाइनल तक पहुंचने में अपना भरपूर योगदान दिया। टीम ने आंध्र प्रदेश, केरल, पंजाब एवं दिल्ली की टीम को पराजित कर सेमीफाइनल तक का सफर हासिल किया और सेमी फाइनल में बिहार से पहले पराजित हो गए। बालिका वर्ग ने भी अच्छा खेल का प्रदर्शन कर बस्तर की गौरव हासिल किया।

## आधा दर्जन गांवों से भीषण गर्मी में लाए गए ग्रामीण...



**दोरनापाल।** सुकमा में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में जगरगुंडा, तारलागुड़ा, कांकेरलंका, बुर्कापाल और चिंतलनार जैसे दूरस्थ और संवेदनशील क्षेत्रों से ग्रामीणों को पिकअप वाहनों में भरकर कार्यक्रम स्थल तक लाया गया। भीषण गर्मी और तेज धूप के बीच कई ग्रामीणों को खड़े-खड़े सफर करना पड़ा। इस दौरान महिलाओं और बुजुर्गों को परेशानी हुई।

### मतदाता सूची का प्रारंभिक प्रकाशन

**बीजापुर।** त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन के तहत सरपंच एवं पंच पदों के निर्वाचन हेतु जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों (मतदाता सूचियों) का प्रारंभिक प्रकाशन 13 अप्रैल को किया गया है। ग्राम पंचायत हल्लूर, रेड्डी, मेटापाल, गोगला, तोड़का, पदेड़ा, चिन्नाकवाली, एरमनार, पदमूर, बासागुड़ा एवं गोरला की मतदाता सूचियां संबंधित ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत कार्यालय तथा तहसील कार्यालय में निःशुल्क निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं।

यदि कोई व्यक्ति मतदाता सूची में नाम जोड़ने या सुधार के संबंध में दावा-आपत्ति प्रस्तुत करना चाहता है, तो वह निर्धारित प्रारूप में 20 अप्रैल अपरान्ह 3 बजे तक संबंधित कार्यालयों में आवेदन जमा कर सकता है।

## मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान का आगाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बचेली

■ पालिका अध्यक्ष जायसवाल ने किया शुभारंभ



बस्तर संभाग के नागरिकों को घर के नजदीक ही बेहतर और निशुल्क स्वास्थ्य जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री स्वस्थ बस्तर अभियान का सोमवार को बचेली नगर में औपचारिक शुभारंभ हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बचेली में आयोजित विशेष कार्यक्रम में इस अभियान की शुरुआत की।

मावा सेहत, मावा बस्तर के नारे के साथ शुरू हुए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बस्तर के प्रत्येक नागरिक तक बेहतर उपचार और जांच की सुविधा पहुँचाना है। अभियान के तहत नवजात से लेकर बुजुर्गों तक, हर आयु वर्ग की निशुल्क स्वास्थ्य जांच और घर-घर जाकर स्क्रीनिंग की जाएगी।

हर नागरिक का डिजिटल आयुष्मान हेल्थ प्रोफाइल तैयार किया जाएगा, ताकि उनका स्वास्थ्य रिकॉर्ड सुरक्षित रहे। उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मोतियाबिंद, टीबी, मलेरिया और एनीमिया जैसी बीमारियों की पहचान कर उचित उपचार व रेफरल की मजबूत व्यवस्था की गई है। अंतिम छोर तक गांव, टोला और पारा स्तर तक स्वास्थ्य सेवाओं को ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

उल्लेखनीय है कि पूरे बस्तर संभाग के लिए इस वृहद योजना का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा सुकमा से किया गया। इसी कड़ी में बचेली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी समेत भाजपा मंडल अध्यक्ष अमलेंदु चक्रवर्ती, विधायक प्रतिनिधि निलेश पटले, पार्षद धनसिंह नाग, श्यामलाल सेठिया, दीपक सरकार, विलासिनी नाग, मंडल कोषाध्यक्ष सूरज जायसवाल, नरेश चौहान, युवा मोर्चा अध्यक्ष अर्नब चक्रवर्ती, राधा भास्कर, नरेंद्र सोनी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय कार्यकर्ता एवं आम जन उपस्थित थे। नगर पालिका अध्यक्ष राजू जायसवाल ने इस अवसर पर नगरवासियों से अपील करते हुए कहा, स्वस्थ बस्तर की ओर यह एक मजबूत कदम है। अपने परिवार के सभी सदस्यों की जांच अवश्य कराएं और शासन की इस निशुल्क योजना का लाभ उठाएं।

## नन्हे सपनों को मिली पक्की छत का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बीजापुर



ग्राम सावनार जो ग्राम पंचायत तोड़का जनपद पंचायत बीजापुर का एक छोटा सा आश्रित गांव है, यह गांव कभी नक्सली दहशत के साएं में विकास से अछूता था। बच्चों को अक्षर ज्ञान भी झोपड़ी में ही लेनी पड़ रही थी। लेकिन नियद नेल्लनार गांव में शामिल होने के बाद गांव की तस्वीर बदल गई है और इस बदलते परिवेश में साथ मिला महात्मा गांधी नरेगा योजना का।

महात्मा गांधी नरेगा और डीएमएफ के अभिसरण से 9.35 लाख रुपये की स्वीकृति से एक नए आंगनबाड़ी भवन का निर्माण हुआ। यह भवन सिर्फ ईंट और सीमेंट से नहीं बनाए बल्कि इसमें गांव के बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के सपने भी जुड़े हुए हैं। अब हर सुबह सावनार के लगभग 40 से 45 बच्चे इस नए आंगनबाड़ी केंद्र में मुस्कान के साथ पहुंचते हैं। रंग-बिरंगे कमरे, साफ-सुथरा वातावरण और सुरक्षित जगह उन्हें एक नया अनुभव देते हैं। यहां उन्हें न सिर्फ पढ़ना-लिखना सिखाया जाता है, बल्कि पोषण आहार और स्वास्थ्य सेवाएं भी मिलती हैं। पहले जो बच्चे असुविधा के कारण नियमित नहीं आ पाते थे, अब वे उत्साह के साथ हर दिन आते हैं।

उनकी आंखों में चमक है, मन में उत्साह है और सपनों को उड़ान देने का हौसला भी। यह आंगनबाड़ी भवन अब सिर्फ एक इमारत नहीं रहा, बल्कि गांव के नन्हे बच्चों के सपनों का नया घर बन गया है, जहां से उनका भविष्य मजबूत, स्वस्थ और आत्मनिर्भर बनने की ओर बढ़ रहा है।

## पंचायतों की प्रारंभिक निर्वाचक नामावली प्रकाशित

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग, रायपुर के आदेशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत उप निर्वाचन-2026 के तहत जिले के विभिन्न जनपद पंचायतों के अंतर्गत कुल 14 ग्राम पंचायतों की प्रारंभिक निर्वाचक नामावली का प्रकाशन आज प्रातः 10:30 बजे किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत दन्तेवाड़ा के ग्राम पंचायत कंशापुर, फूलनार एवं मेटापाल, जनपद पंचायत गीदम के चेरपाल, तुमरीगुण्डा, सियानार एवं झोड़ियाबाड़म, जनपद पंचायत कुआकोण्डा के मदाड़ी, जबेली, अरनपुर, पालनार एवं कड़मपाल तथा जनपद पंचायत कटेकल्याण के टेटम एवं मारजूम ग्राम पंचायतों की नामावली जारी की गई है। निर्वाचक नामावली के प्रकाशन के साथ ही दावा-आपत्ति प्राप्त करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ कर दी गई है। इसके लिए संबंधित ग्राम पंचायतों में प्राधिकृत कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। मतदाता अपने नाम जुड़वाने, विलोपन अथवा संशोधन हेतु 13 अप्रैल से 19 अप्रैल तक प्रातः 10 बजे से शाम 5 बजे तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं, जबकि अंतिम तिथि 20 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। नाम जुड़वाने के लिए यह आवश्यक है कि आवेदक का नाम भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रकाशित निर्वाचक नामावली में दर्ज हो। जिन मतदाताओं का नाम उक्त नामावली में दर्ज नहीं है या अन्य क्षेत्र में दर्ज है, वे संबंधित विधानसभा निर्वाचक नामावली में नाम शामिल कराने हेतु संबंधित पंजीकरण अथवा सहायक पंजीकरण अधिकारी के समक्ष निर्धारित प्रारूप में 24 अप्रैल तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम से मिला अधिकार



**गीदम।** भाजपा सोशल मिडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में एक नए अध्याय की शुरुआत करते हुए केंद्र की भाजपा सरकार ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम को पारित कर महिलाओं को उनका उचित अधिकार दिलाने का ऐतिहासिक कार्य किया है। यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि देश की आधी आबादी के सम्मान, अधिकार और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि लगभग 27 वर्षों से महिला आरक्षण का मुद्दा राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना रहा, लेकिन हर बार यह किसी न किसी कारण से अधूरा रह गया। कभी कोटा के भीतर कोटा की मांग, कभी गठबंधन की मजबूरियां, तो कभी राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी इन सभी कारणों ने इस महत्वपूर्ण विधेयक को बार-बार रोक दिया। विपक्षी दल वर्षों तक इस विषय पर राजनीति करते रहे, लेकिन ठोस निर्णय लेने से पीछे हटते रहे। इसके विपरीत प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने दृढ़ संकल्प और स्पष्ट नीति के साथ इस ऐतिहासिक विधेयक को संसद में प्रस्तुत किया और भारी बहुमत से पारित करवा कर यह साबित कर दिया कि मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट नीयत से असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। उन्होंने कहा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत अब लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और दिल्ली विधानसभा में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित होंगी।

### स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त, नहीं मिल रहीं दवाइयां



**घाटलोहंगा।** बस्तर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति दिन-प्रतिदिन खराब होती जा रही है। सरकारी अस्पतालों में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ अब सामान्य और आवश्यक दवाइयों की भी भारी कमी देखने को मिल रही है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि आम जनता को छोटी-छोटी बीमारियों के इलाज के लिए भी निजी मेडिकल दुकानों का सहारा लेना पड़ रहा है, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। इसी मुद्दे को लेकर भुवनेश्वर कश्यप उपाध्यक्ष बस्तर जिला छत्तीसगढ़ मीडिया एसोसिएशन महासंघ ने कहा कि स्वास्थ्य व्यवस्था की बदहाली अब किसी से छिपी नहीं है और यह सीधे तौर पर प्रशासनिक लापरवाही का परिणाम है। अपने व्यक्तिगत अनुभव को साझा करते हुए बताया कि आज एक छोटी सी दवाई लेने सरकारी अस्पताल गया था। दवाई क्लोट्रिमाजोल, बीटामेथासोन और नियोमाइसिन क्रीम 5 मिलीग्राम जो सामान्य खुजली जैसी समस्या के इलाज में उपयोग की जाती है। लेकिन यह दवाई भी अस्पताल में उपलब्ध नहीं थी। अब सोचने वाली बात यह है कि जब इतनी सामान्य और जरूरी दवाई भी उपलब्ध नहीं है, तो आम जनता आगे क्या उम्मीद रख सकती है। उन्होंने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति की समस्या नहीं है, बल्कि पूरे क्षेत्र की वास्तविकता है, जहां रोजाना मरीजों को दवाइयों की कमी के कारण परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार मरीजों को इलाज अधूरा छोड़ना पड़ता है या फिर महंगी दवाइयां बाजार से खरीदनी पड़ती हैं।

## मां मावली दरबार में चैत्र जात्रा और वार्षिक मेले में उमड़े श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बस्तर/ घाटलोहंगा



■ ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने सीसी सड़क व हैंडपंप की घोषणा की

आस्था, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक मां मावली की पावन धरा ग्राम पंचायत सवरा में इस वर्ष भी चैत्र जात्रा एवं वार्षिक बाजार का आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ।

आयोजन में गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु, ग्रामीणजन एवं देवी-देवताओं के प्रतिनिधि शामिल हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल से सराबोर हो गया। कार्यक्रम में बस्तर विधायक एवं उप नेता प्रतिपक्ष लखेश्वर बघेल की उपस्थिति रही। उनके आगमन पर ग्रामवासियों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ जोरदार एवं स्वागत किया। उन्होंने सर्वप्रथम मां मावली माता गुड़ी प्रांगण में फीता काटकर चैत्र बाजार का शुभारंभ किया तथा पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस दौरान ग्राम पंचायत सवरा के ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष सीसी सड़क निर्माण एवं माता गौरी परिसर में हैंडपंप खनन की मांग रखी। मांग पर त्वरित संज्ञान लेते हुए विधायक ने दोनों कार्यों की तत्काल घोषणा कर ग्रामीणों को बड़ी सौगात दी। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान कर उन्होंने जनता के प्रति अपनी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

आयोजन के दौरान पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की गई तथा मां मावली से क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना की गई। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मां मावली की इस पावन धरा पर पूर्वजों और पितृ देव शक्तियों का विशेष आशीर्वाद बना हुआ है। यही कारण है कि हर वर्ष चैत्र जात्रा के अवसर पर आसपास के गांवों के देवी-देवता यहां विराजमान होते हैं।

उन्होंने कहा कि यह परंपरा हमारी आस्था, संस्कृति और सामाजिक समरसता की प्रतीक है, जो क्षेत्र में भाईचारे और एकता का संदेश देती है। इस दौरान जनपद सदस्य मगलदेई बघेल, सरपंच आसमति बघेल, धनेश्वर बघेल, सनु राम कश्यप, पंच राम बघेल, लक्ष्मीनाथ कश्यप, मोहन आचार्य, संतोष आचार्य सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।


Happy
Baisakhi
बैसाखी खुशहाली, फसल कटाई और नए साल की शुरुआत का पर्व है, जिसे उल्लास के साथ मनाया जाता है।
यह हमारे देश की समृद्ध किसान परंपरा और संस्कृति का परिचायक है।
लोक आस्था से जुड़े पर्व की आप सभी को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
गैदू फ्यूल्स
डीमरापाल, जगदलपुर
मलकीत सिंग गैदू
हरप्रीत सिंग गैदू (निट्टू)
जसमित सिंग गैदू (टिंकू)


HONDA
बैसाखी पर्व
की समस्त बस्तरवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
₹5500 मूल्य तक का
एक्टिवा H-Smart या शाइन 100 की खरीदी पर पाएं
इंडक्शन कुकर FREE
जल्दी करें!
सीमित स्टॉक उपलब्ध
₹2100* तक का शानदार फायदा!
अन्य एक्टिवा मॉडल्स की खरीदी पर
*Terms & Conditions Apply
Shine 100
एक्स-शोरूम कीमत ₹65,574/-
ACTIVA 110
एक्स-शोरूम कीमत ₹77,751/-
न्यूनतम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर @6.99%
एक्सचेंज बोनस ₹2000*
वाहेगुरु होंडा
(होंडा एक्सक्लूसिव अधिकृत विक्रेता)
दलपत सागर रोड, मोतीतालाब पारा, जगदलपुर, बस्तर (छ.ग.)
फ़ोन : 07782-224389, 223700,01,02 मोबाइल : 84350 90003, 8453090005
Email:wahegurusales1@gmail.com, Website:www.waheguruhonda.com
आड़ावाल: 9303468611, धरमपुरा: फ़ो. 07782-314678, मो. 8319601004, सुकमा: आकाश होंडा (एसोसिएट डीलर) - 9165660115, (होंडा अधिकृत सर्विस सेंटर) गीदम रोड- जगदलपुर: फ़ोन : 07782 -222501, मो.6265185747, दोरनापाल: किशन ऑटो (अधिकृत सर्विस सेंटर) - 7646862848, छिंदगढ़: फरहान ऑटो (अधिकृत सर्विस सेंटर) 9424291316, बकावंड: अंसारी एजेंसी - 8435015627, तोकापाल: खुर्शीद ऑटोमोबाइल - 9691782956, लोहंडीगुड़ा: सांई ऑटोमोबाइल्स - 7587116265, भानपुरी: श्री राम मोटर्स - 9201191868, तोंगपाल: देव्यांशी मोटर्स - 8085299810
Embassy


बैसाखी पर्व
की लख लख बधाईयां
KAPOOR EVENT MANAGEMENT
Engagement and Wedding Events
Corporate and Political Events
College/School Functions
Anniversary and Birthday Celebration
We Provide Complete Event Solutions
VENUE • DECORATION • CATERING • LIGHTS & GENERATOR • STAGE ENTRY
SOUND & SFX • ARTIST • MUSICAL BAND & much more...
Plan your wedding wonders with us!
94252 61281 | 98262 61281 | 82692 61920 | 07782 222782 (O)
Opp. Balram Press, Balaji Ward - Jagdalpur (C.G.) 491001
/planwithkem
KAPOOR EVENT MANAGEMENT
KAPOOR TENT HOUSE
KAPOOR CATERING SERVICES


श्री गुरु नानक पब्लिक हॉयर सेकेण्ड्री स्कूल
अंग्रेजी माध्यम: सीजीबीएसई - 532012 , डाईस कोड- 22153308631
सफलता के 32 वर्ष
अन्नदाताओं की समृद्धि एवं लोक आस्था से जुड़े पर्व
बैसाखी
की लख-लख बधाइयां
नर्सरी से यूकेजी में एडमिशन फीस पर 100% छूट
1 मार्च से 30 अप्रैल तक
सत्र-2026-27
प्रवेश प्रारम्भ
16 जून 2026 से
(गणित, विज्ञान, वाणिज्य, कृषि)
नर्सरी से 12वीं
हमारी विशेषताएँ
• बस सुविधा
• 100% बोर्ड परिणाम
• अनिवार्य कम्प्यूटर शिक्षा
• सर्व सुविधायुक्त क्लासरूम
• नर्सरी के बच्चों हेतु खिलौने
• साफ सुथरे एवं हवादार कक्ष
• प्रशिक्षित एवं अनुभवी शिक्षक
• छात्र-शिक्षक अनुपात (20:1)
• सर्व सुविधायुक्त प्रयोगशालाएँ
• नैतिक एवं सांस्कृतिक शिक्षा
• नर्सरी के बच्चों हेतु विशेष कक्ष
• छोटे बच्चों हेतु पार्क
• विशेष खेलरूम (छोटे बच्चों हेतु)
• डिजीटल क्लासरूम (नर्सरी से सातवी)
• सीबीएससी पैटर्न से अध्यापन
नर्सरी से यूकेजी
पहली से बारहवीं
स्मार्ट क्लासेस
कमजोर बच्चों हेतु विशेष कक्षाएं
संजय बाजार, जगदलपुर, जिला बस्तर (छ.ग.)
संपर्क करें: 07782-358892, 9406225201, समय: 08:20 से 01:40 तक